सहूलियत: छोटे कारोबारियों को आसानी से मिलेगा लोन

- एमएसएमई की नई ऋण गारंटी योजना जल्द
- सौ करोड़ रुपये तक का कर्ज देने की योजना

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार जल्द ही सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए नई ऋण गारंटी योजना शुरू करेगी। इसके तहत 100 करोड़ रुपये तक के ऋण दिए जाएंगे।

वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू ने गुरुवार को ग्रामीण भारत महोत्सव के समापन अवसर पर कहा, हम एक योजना लाने जा रहे हैं, जिसकी घोषणा वित्त मंत्री ने पिछले बजट में की थी। इसके तहत बिना गारंटी के 100 करोड़ रुपये तक का ऋण दिया जा सकेगा, यदि वे पहले से ही उद्यम चला रहे हैं। इस योजना को मंजूरी के लिए शीघ्र ही केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा, उधारकर्ता को अग्रिम गारंटी शुल्क तथा घटते ऋण शेष पर वार्षिक गारंटी शुल्क देना होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र पांच करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं।